21 अप्रैल 2026
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




बक्सर में ट्रैफिक पर सख्ती : डीएम–एसपी ने कसा शिकंजा अवैध पार्किंग से लेकर ट्रिपल लोडिंग तक पर चलेगा डंडा

2



## एक नजर

### सुभाषचंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने और आजाद हिंद फौज (आईएनए) को भारत की आजादी का श्रेय देने की मांग वाली ढक्छ खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को न सुधरने वाला बताया और सख्त टिप्पणी की। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पहले भी इसी तरह की याचिका दाखिल कर चुके हैं और अब अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो याचिकाकर्ता के सुप्रीम कोर्ट में आने पर भी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया कि भविष्य में उनकी कोई ढक्छ मंजूर न की जाए।

### आईपीएल : मुंबई ने इंडियंस गुजरात को 99 रन से हराया

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल सीजन में लगातार 4 मैच हारने के बाद जीत हासिल कर ली है। टीम ने सोमवार को गुजरात टाइटंस पर 99 रन से हराया। यह इस सीजन की सबसे बड़ी जीत है। अहमदाबाद में गुजरात ने टॉस जीता और गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में गुजरात 15.5 ओवर में 100 रन पर ऑलआउट हो गई। पहले बैटिंग कर रही मुंबई ने पावरप्ले में 48 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए थे। ओपनर क्विंटन डी कॉक 13, डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवर 2 और नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-5 पर उतरे तिलक वर्मा ने 45 बॉल पर 101 रन बनाकर मुंबई को 199 रन तक पहुंचाया। इस पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। नमन धीर ने 45 रन बनाए। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट लिए। 200 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात की शुरूआत खराब रही। टीम पहली बॉल पर विकेट गंवाया। जब बुमराह ने साई सुदर्शन को डेब्यू मैच खेल रहे क्रिष भगत के हाथों कैच कराया। टीम ने पावरप्ले में 45 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए थे।

## एनसीबी का नशे पर प्रहार : 90 दिन में 73 ड्रग अपराधियों को मिली सजा

○ दोषियों पर 1.22 करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में 73 मादक पदार्थ अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई दी है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे युवाओं को नशीले पदार्थों की महामारी से बचाने के लिए मोदी सरकार दृढ़ता से ड्रग कार्टलों का सफाया करने के साथ ही उनकी सजा भी सुनिश्चित कर रही है। ड्रग रैकेटों की सांस लेने की हर जगह बंद करने के लिए एनसीबी पूरी ताकत के साथ संकल्पबद्ध है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च तक, एनसीबी ने 35 मामलों में 73 ड्रग अपराधियों को दोषी करार दिया है। इनमें से चार अपराधियों को अधिकतम 20 वर्ष की सजा सुनाई गई, जबकि 54 अन्य को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा दी गई। दोषियों पर कुल 1.22 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। एनसीबी की मुकदमों की निगरानी पर केंद्रित रणनीति के कारण दोषसिद्धि दर में निरंतर वृद्धि हुई है। यह



दर वर्ष 2024 में 60.5 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 65.5 प्रतिशत हो गई और अब वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 68.6 प्रतिशत पहुंच गई है। महत्वपूर्ण दोषसिद्धियों में वर्ष 2021 में अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 2.757 किलोग्राम हेरोइन जब्ती का अंतरराष्ट्रीय हेरोइन तस्करी मामला और वर्ष 2022 में फाजिल्का इंडो-पाक बॉर्डर पर 4.235 किलोग्राम हेरोइन जब्ती का मामला शामिल हैं। इन दोनों मामलों में दो विदेशी तस्करों को 20 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। एक अन्य महत्वपूर्ण दोषसिद्धि वर्ष 2023 के स्यूडोएफेड्रिन डायवर्सन मामले में प्राप्त हुई, जिसमें हरियाणा का सोनीपत स्थित एम/एस आल्प्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल था। इस मामले में डायरेक्टर समेत तीन आरोपियों को सात वर्ष की कठोर कारावास की सजा के साथ-साथ प्रत्येक पर 1.5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। कंपनी को भी दोषी ठहराया गया। 1.5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। एनसीबी द्वारा कंपनी को स्यूडोएफेड्रिन निर्माण की अनुमति भी वापस ले ली गई है।

## जज को केस से हटाने वाली केजरीवाल की याचिका खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने शराब नीति केस से जुड़े पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें जज के केस से हटने की मांग की गई थी। मैं इस मामले से खुद को अलग नहीं करूंगी। मैं सुनवाई करूंगी। मैं हट गई तो संदेश जाएगा कि दबाव डालकर किसी भी केस से जज हटा सकते हैं।दरअसल, केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता पर पक्षपात और हितों के टकराव का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि जज फ्रर से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में कई बार गई हैं। उनके बच्चे केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ काम करते हैं।जस्टिस स्वर्ण कांता ने केजरीवाल के आरोपों पर जवाब दिया। उन्होंने कहा- अगर कोई जज पद की शपथ लेता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसका परिवार भी इस पेशे में न आने की शपथ ले। जज के बच्चे या परिवार अपनी जिंदगी कैसे जिएंगे, यह कोई भी तय नहीं कर सकता।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बड़ा हादसा

# अनियंत्रित होकर पलटी बस : 21 की मौत, कई घायल, रेस्क्यू जारी



■ हादसे में 18 लोगों की मौत हुई

■ 6 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में रामनगर क्षेत्र के कागोत इलाके में रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक यात्री बस के पलटने से 15 लोगों की मौत की खबर है। इस दुर्घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं, जबकि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बस रामनगर से उधमपुर की ओर जा रही थी, तभी जालो क्षेत्र के पास यह हादसा हुआ। चश्मदीदों के मुताबिक, तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग के कारण यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि एक मोड़ पर बस का टायर फट गया, जिसके बाद चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पतालों में भेजा गया है। प्रशासन ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और उन्हें हर संभव चिकित्सा सहायता दी जा रही है। दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है तथा हर संभव सहायता दी जा रही है।

### केंद्रीय मंत्री ने जताया दुख

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने घटना को लेकर उधमपुर के उप आयुक्त मिंगा शेरपा से बात की। उन्होंने कहा कि मुझे पता चला कि एक घंटे से भी कम समय पहले, कनोट गांव में एक दुखद सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में रामनगर से उधमपुर जा रही एक पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस शामिल थी। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया है। इसमें काफी लोगों के हताहत होने की आशंका है। हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जाएगा। गंभीर रूप से घायल लोगों को एयरलिफ्ट करने की व्यवस्था की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं स्थानीय प्रशासन के साथ–साथ राजिंदर शर्मा के नेतृत्व वाली हमारी स्थानीय कार्यकताओं की टीम के भी लगातार संपर्क में हूं।

### मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस और एसडीआरएफ

सूचना मिलते ही पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया। खाई में गिरी बस पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे कई यात्री नीचे गिर गए और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही मौत की आशंका जताई जा रही है। बचाव दलों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए जीएमसी ऊधमपुर पहुंचाया।

## बंगाल चुनाव : फ्लाइट में हुई देरी पर भड़कीं ममता बनर्जी, कहा- भाजपा के लोग चले जाएंगे, आपको यहीं रहना है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्रीय एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के इस मौसम में उनकी यात्रा की योजनाओं में बाधा डाली जा रही है। ममता बनर्जी के अनुसार, उनकी फ्लाइट को रनवे पर आधे घंटे तक रोक कर रखा गया।कोलकाता के बेलेघाटा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। ममता ने बताया कि आज वापसी के समय उन्हें रनवे पर तीस मिनट तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी उदाहरण दिया। ममता ने दावा किया कि कल झाड़ग्राम में हेमंत सोरेन के



हेलीकॉप्टर को भी 40 मिनट तक रोका गया था।तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि पिछले एक महीने से उन्हें रेलवे और विमानन विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों से सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्रियों को हमेशा प्राथमिकता मिलनी चाहिए। ममता ने विमानन विभाग के अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कुछ अधिकारी शायद यह बात भूल गए हैं। भाजपा के नेता तो चले जाएंगे, लेकिन अधिकारियों को यहीं हमारे साथ रहना है। ममता बनर्जी ने सोमवार को बीरभूम के मुरारई, उत्तर 24 परगना के खरदह और कोलकाता के बेलियाघाटा में रैलियां कीं। हालांकि, विमानन अधिकारियों की तरफ से इन आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।


## एनसीबी का नशे पर प्रहार : 90 दिन में 73 ड्रग अपराधियों को मिली सजा, दोषियों पर 1.22 करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में 73 मादक पदार्थ अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई दी है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे युवाओं को नशीले पदार्थों की महामारी से बचाने के लिए मोदी सरकार दृढ़ता से ड्रग कार्टलों का सफाया करने के साथ ही उनकी सजा भी सुनिश्चित कर रही है। ड्रग रैकेटों की सांस लेने की हर जगह बंद करने के लिए एनसीबी पूरी ताकत के साथ संकल्पबद्ध है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च तक, एनसीबी ने 35 मामलों में 73 ड्रग अपराधियों को दोषी करार दिया है। इनमें से चार अपराधियों को अधिकतम 20 वर्ष की सजा सुनाई गई, जबकि 54 अन्य को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा दी गई। दोषियों पर कुल 1.22 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। एनसीबी की मुकदमों की निगरानी पर केंद्रित रणनीति के कारण दोषसिद्धि दर में निरंतर वृद्धि हुई है। यह दर वर्ष 2024 में 60.5 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 65.5 प्रतिशत हो गई और अब वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 68.6 प्रतिशत पहुंच गई है।








# दानी कुटिया पर शराब की बड़ी खेप बरामद, ट्रक छोड़ चालक फरार



- **उत्पाद विभाग की छापेमारी में 791 लीटर शराब बरामद, यूपी नंबर ट्रक जब्त, बड़े सिंडिकेट से जुड़े होने की आशंका**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग स्थित दानी कुटिया के पास संदिग्ध हालात में खड़े एक ट्रक से भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई की भनक लगते ही चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

सूत्रों के अनुसार उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि चौसा-बक्सर मार्ग से शराब की बड़ी खेप जिले में प्रवेश कराने की तैयारी है। सूचना मिलते ही उत्पाद निरीक्षक प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में टीम ने दानी कुटिया के समीप घेराबंदी कर छापेमारी की। वहां सड़क किनारे खड़े एक ट्रक पर संदेह होने पर जब उसकी तलाशी ली गई तो भीतर छिपाकर रखी गई शराब की बड़ी खेप देखकर अधिकारी भी चौंक गए।

जांच में ट्रक संख्या यूपी 65 डीटी 2377 से कुल 791.280 लीटर शराब बरामद की गई। जब्त विदेशी शराब में 8 पीएम ब्रांड की 180 एमएल की 1248 बोतलें तथा अफसर चॉइस की 1248 बोतलें शामिल हैं। दोनों ब्रांड की कुल मात्रा 449.280 लीटर बताई गई है। इसके अलावा दबंग ब्रांड की 200 एमएल की 1710 बोतल देशी शराब भी जब्त की गई, जिसकी मात्रा 342 लीटर से अधिक है।

उत्पाद विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। माना जा रहा है कि उसे छापेमारी की भनक लग गई थी, जिसके बाद उसने मौके से भाग निकलने में ही भलाई समझी। हालांकि विभाग ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाना परिसर भेज दिया है और उसके स्वामित्व व रूट की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब की बरामदगी किसी संगठित तस्करी नेटवर्क की ओर इशारा करती है। आशंका जताई जा रही है कि शराब की यह खेप जिले के विभिन्न इलाकों में सप्लाई के लिए लाई जा रही थी। विभाग अब मोबाइल लोकेशन, वाहन स्वामी और चालक के संपर्कों की भी जांच कर रहा है।

उत्पाद अधीक्षक असरफ जमाल ने बताया कि ट्रक मालिक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं विभाग इसे हाल के दिनों की बड़ी सफलता मान रहा है।

# बक्सर में ट्रैफिक पर सख्ती : डीएम-एसपी ने कसा शिकंजा
# अवैध पार्किंग से लेकर ट्रिपल लोडिंग तक पर चलेगा डंडा

- **शहर की जाम समस्या खत्म करने को बना एक्शन प्लान, बक्सर में 3 और डुमरांव में 2 क्यूआरटी टीम तैनात**




**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में लगातार बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था, जाम और नियमों की अनदेखी पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में साफ संदेश दिया गया कि अब सड़क पर लापरवाही करने वालों की खैर नहीं होगी।

प्रशासन ने बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में 03 क्विक रिस्पांस टीम तथा डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में 02 क्यूआरटी टीम गठित करने का आदेश दिया है। ये टीमें शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगातार गश्त करेंगी और ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर तत्काल कार्रवाई करेंगी।

**इन पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर**

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अब सड़क पर हर तरह की अव्यवस्था पर तुरंत कार्रवाई होगी। खास तौर पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहन, वाहनों के शीशे पर काली फिल्म, ओवरलोडेड यात्री व मालवाहक वाहन, नाबालिग चालकों द्वारा ई-रिक्शा/ऑटो संचालन, बिना हेलमेट बाइक चालक, सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले वाहन चालक, वाहन प्रदूषण प्रमाणपत्र की कमी, फिटनेस फेल वाहन, ट्रिपल लोडिंग। इन सभी मामलों में नियमित जांच अभियान चलाकर जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

**हाईवे पर भी सख्ती, लेन तोड़ने वालों पर जुर्माना**

राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर प्रशासन का डंडा चलेगा। बैठक में निर्देश दिया गया कि जो वाहन निर्धारित लेन का उल्लंघन करेंगे, उन पर तुरंत कार्रवाई होगी।

इसके अलावा बसों और अन्य सवारी वाहनों द्वारा सड़क किनारे कहीं भी यात्रियों को चढ़ाने-उतारने की आदत पर रोक लगाने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## हूटर और तेज हॉर्न वालों पर भी कार्रवाई

अब सड़क पर रौब झाड़ने वालों के दिन लदने वाले हैं। डीएम और एसपी ने साफ निर्देश दिया कि अवैध रूप से हूटर लगाने वाले वाहनों तथा तेज आवाज में प्रेशर हॉर्न बजाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। जाम के असली कारणों पर वार बैठक में यह भी माना गया कि शहर के कई चौक-चौराहों पर सब्जी विक्रेता, ठेला दुकानदार और अवैध पार्किंग जाम की सबसे बड़ी वजह बन रहे हैं। इस पर प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, यातायात डीएसपी और सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि नियमित अभियान चलाकर सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया जाए, ठेला व सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित किया जाए, अवैध पार्किंग हटाई जाए, नियम तोड़ने वालों से जुर्माना वसूला जाए,

## साइन बोर्ड और सड़क मरम्मत का आदेश

नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि ट्रैफिक पुलिस से समन्वय कर शहर के चिन्हित स्थलों पर जल्द से जल्द साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, ताकि लोगों को दिशा-निर्देश मिल सके। वहीं शहर की टूटी और गड्ढायुक्त सड़कों पर भी प्रशासन गंभीर दिखा। पथ निर्माण विभाग को आदेश दिया गया कि तत्काल सड़कों की जांच कर गड्ढे भरवाए जाएं। जहां सड़क चौड़ीकरण का काम हुआ है, वहां कालीकरण भी जल्द कराया जाए।

## धूल से राहत के लिए पानी छिड़काव का निर्देश

शहर में उड़ती धूल को देखते हुए प्रशासन ने सड़कों पर नियमित पानी छिड़काव कराने का भी निर्देश दिया है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस बैठक में जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब सड़क पर नियम तोड़ना पड़ेगा भारी डीएम साहिला और एसपी शुभम आर्य की बैठक के बाद साफ हो गया है कि बक्सर में अब ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना आसान नहीं होगा। प्रशासन का फोकस सिर्फ जुमार्ना नहीं, बल्कि शहर को जाम मुक्त, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है।

## एक नजर

### गश्ती के दौरान मुरार पुलिस को बड़ी सफलता संदिग्ध बाइक से चोरी का पंप सेट बरामद

**चौगाई।** मुरार थाना पुलिस ने नियमित गश्ती अभियान के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक चोरी का वाटर पंप सेट और इस्तेमाल की जा रही बाइक भी जब्त की है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम सफलता माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरार थाना की पुलिस टीम क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रही थी। इसी दौरान गिरिधर बरांव से पूरब जाने वाली सड़क पर एक बाइक पर तीन युवक संदिग्ध अवस्था में एक भारी सामान लेकर जाते दिखाई दिए। पुलिस टीम को शक होने पर जब रुकने का संकेत दिया गया तो तीनों युवक भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और कुछ ही दूरी पर तीनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक वाटर पंप सेट बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक पंप सेट से संबंधित कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सके। इसके बाद पुलिस ने पंप सेट और बाइक संख्या बीआर 44 डब्ल्यू 8798 को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मड़ियां गांव निवासी राहुल कुमार (20 वर्ष), पिता मनोज कुमार सिंह, नंदलाल कुमार (22 वर्ष), पिता नारद सिंह तथा सोनू कुमार (25 वर्ष), पिता दशरथ महतो के रूप में की गई है। तीनों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद पंप सेट किस स्थान से चोरी किया गया था और आरोपित इसे कहां बेचने या खपाने की योजना बना रहे थे। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष नेहा कुमारी ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। चोरी, लूट या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

### बक्सर में सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**बक्सर।** बक्सर जिले में आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी भर्ती परीक्षा सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में सामान्य भाषा विषय की परीक्षा ली गई, जिसमें कुल 9060 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इनमें से 3397 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 5663 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया।

इसी प्रकार द्वितीय पाली में सामान्य अध्ययन विषय की परीक्षा आयोजित हुई। इस पाली में भी कुल 9060 अभ्यर्थियों के शामिल होने की व्यवस्था थी, जिसमें 3391 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 5669 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी किसी अभ्यर्थी के निष्कासन की सूचना नहीं है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर समय से परीक्षा शुरू हुई और निर्धारित समय पर संपन्न कराई गई। केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी गई थी। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया।

# राजपुर के स्कूल में गर्मी का कहर : कक्षा शुरू होते ही 10 बच्चे बेहोश, मचा हड़कंप



- **डुमरांव अग्निशामालय की पहल, पदाधिकारी शिखा कुमारी बोलीं— आपदा में घबराहट नहीं, सजगता ही सबसे बड़ा बचाव**

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के कनेहरी उच्च विद्यालय में सोमवार को भीषण गर्मी और लू का असर ऐसा दिखा कि स्कूल खुलते ही करीब 10 छात्र-छात्राएं एक-एक कर बेहोश हो गए। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अचानक बच्चों के गिरने से शिक्षक, छात्र और कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह चेतना सत्र समाप्त होने के बाद पहली घंटी की पढ़ाई शुरू ही हुई थी कि कुछ बच्चों को चक्कर आने लगा। देखते ही देखते कई बच्चे गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। लगातार छात्रों के बेहोश होने से स्कूल में दहशत फैल गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाध्यापक अरबिंद कुमार सिंह ने तत्काल प्रभावित बच्चों को पंखे के नीचे लिटवाया और प्राथमिक उपचार शुरू कराया। इसके साथ ही वरीय अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मेडिकल टीम विद्यालय पहुंची और गंभीर छात्राओं को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां उपचार के बाद सभी बच्चों की हालत सामान्य बताई गई और दोपहर बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंच गए। अपने बच्चों को इस हालत में देखकर अभिभावकों में नाराजगी साफ दिखी। उनका कहना था कि जब लगातार तापमान बढ़ रहा है तो स्कूलों में पर्याप्त पानी, पंखा, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था पहले से होनी चाहिए थी।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह पहली घटना नहीं है। बीते शनिवार को भी इसी विद्यालय में गर्मी के कारण कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी। इसके बावजूद पर्याप्त एहतियाती कदम नहीं उठाए गए, जिससे अभिभावकों में रोष बढ़ गया है।

प्रधानाध्यापक अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ी। तत्काल राहत पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग से दवा और ओआरएस उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक सामग्री नहीं मिली है।

स्थिति को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विद्यालय की छुट्टी सुबह 9 बजे ही कर दी गई। लगातार हो रही घटनाओं ने सरकारी स्कूलों में गर्मी से बचाव के इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एक दर्जन मामलों का आरोपी करिया सिंह कट्टा-कारतूस संग दबोचा गया



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से सक्रिय एक शातिर आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनीष सिंह उर्फ करिया सिंह के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पहले से करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस कार्रवाई के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। सोमवार को सदर डीएसपी गौरव पांडेय ने प्रेसवार्ता में बताया कि 19 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से दहिवर से दलसागर की ओर जा रहा है और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तत्काल विशेष टीम गठित की गई। टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दहिवर स्थित शिव मंदिर के समीप घेराबंदी शुरू की। कुछ देर बाद बताए गए हुलिए का युवक मोटरसाइकिल से आता दिखा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह वाहन छोड़कर भागने लगा। हालांकि पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीष सिंह उर्फ करिया सिंह, निवासी दहिवर, थाना औद्योगिक, जिला बक्सर बताया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी पहले भी कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी को पुलिस के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।









# प्रतियोगिता के इस दौड़ में कठिन परिश्रम के साथ अनुशासन का होना भी जरूरी है : महेश ठाकुर





- राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल डुमरांव के प्रांगण ने स्पेल बी, स्पीच, कैरियर प्लान, क्वीज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- महिला थाना ने गुड टच व बैड टच में दी जानकारी बोली- किसी भी अनुचित स्पर्श या व्यवहार की स्थिति में तुरंत पुलिस या अपने परिजनों को सूचित करें




**केटी न्यूज/डुमरांव**

सोमवार को राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल डुमरांव के प्रांगण ने स्पेल बी, स्पीच, कैरियर प्लान, क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डुमरांव थानाध्यक्ष संजय सिंन्हा, महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा कुमारी, स्कूल के चेयरमैन महेश ठाकुर व निदेशक ब्रह्मा ठाकुर, एमड़ी सिद्धार्थ ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि केवल स्कूल नहीं, अभिभावक की जागरूकता भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा जीवन की ऊंचाइयों को छुए। इसके लिए वे सबसे अच्छे स्कूल का चयन करते हैं और भारी-भरकम फीस भी भरते हैं, लेकिन क्या केवल एक अच्छे स्कूल में दाखिला करा देना ही माता-पिता की जिम्मेदारी का अंत है। कड़वा सच तो यह है कि बच्चा सिर्फ स्कूल में नहीं बनता, वह घर और स्कूल के सामंजस्य से बनता है। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र प्रगन्या, साक्षी रिया, तृप्ती, श्रेयांश, ओमजी, सुर्यांश ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर शिक्षकों में हुसैन सर, विप्लो दहल, सुशोभित, भुजेल, सजय मुर्मु सर ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन्न में विद्यालय के एमडी सिद्धार्थ ठाकुर के द्वारा विजेता व उपविजेता छात्रों के बीच मोमेंटों वितरण किया गया। वहीं प्राचार्य एस. वेंकटाशन के आर्शीवचनों से कार्यक्रम का समान्न हुआ।

### छात्राओं को बताया गया गुड टच व बैड टच

बक्सर महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा कुमारी ने छात्राओं को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश पर राइजिंग सन इंटरनेशल स्कूल में मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में थानों की एंटी रोमियो टीमों ने विद्यालयों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छात्राओं और बालिकाओं को ह्लह्लगुड टच-बैड टचह्लह्ल के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी अनुचित स्पर्श या व्यवहार की स्थिति में तुरंत पुलिस या अपने परिजनों को सूचित करें। महिला पुलिस टीम ने सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने की सलाह भी दी। बच्चों और महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के अनुचित स्पर्श, उत्पीड़न या शोषण के मामलों में पोक्सो एक्ट के तहत कठोर दंड, जिसमें फांसी तक की सजा का प्रावधान है, लागू किया जाता है। छात्राओं को यह भी जागरूक किया गया कि घटना घटित होने पर बिना किसी भय के तुरंत थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराएं। छात्राओं को यह भरोसा दिलाया गया कि ऐसे मामलों में सरकार, आयोग एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण दृढ़ता और संवेदनशीलता के साथ पीड़ितों की सहायता करता है। साथ ही अपराध की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराने हेतु टोल-फ्री नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया।

### बेहतर शिक्षा के लिए स्कूल के साथ अभिभावक को भी जरूरी है जागरूक होना

शिक्षा के बदलते स्तर के बाद अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। शिक्षा में अभिभावक को रूचि लेनी चाहिए ताकि उनके बच्चे भी सही रास्ते को अख्तियार कर सकें। आज के बदलते परिवेश में शिक्षा का स्तर काफी उपर चला गया है इसलिए प्रतियोगिता के इस दौड़ में कठिन परिश्रम के साथ अनुशासन का होना भी जरूरी है। यह बातें राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन महेश ठाकुर ने कहीं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बच्चों को अंग्रेजी, मैथ, जीके के अलावा साइंस विषय की भी पुख्ता जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए किसी अच्छे संस्थान में जाकर बेहतर शिक्षकों से प्रेरणा लेकर उसका अनुकरण करना चाहिए। ऐसा करने वाले छात्र ही सफलता की सीढ़ी तक पहुंचते हैं। महेश ठाकुर ने कहा कि इंग्लिश मजबूत करने का सबसे छोटा रूप वर्ड पावर है। वर्ड से ही मिलाकर आप संटेंश बना सकते हैं। यदि वर्ड आपको मालूम होगा तो उससे संटेंश भी आपको समझ में आएगा। जिन्हें अंग्रेजी पढ़ना-लिखना आ गया उनका अंग्रेजी मजबूत हो जाएगा। प्रतिदिन अपने से किसी भी टापिक पर 20 शब्द लिखने का अभ्यास करें। बिना सही गलत की परवाह किए। ठाकुर ने कहा कि इंटरव्यू की तैयारी में किसी भी स्टूडेंट का बात-विचार करने का तरीका, रहन-सहन, पहचाना, आत्मविश्वास को देखा जाता है। ज्ञान का चेक लिखित परीक्षा में ही हो जाता है। अगर इंटरव्यू फेस करना है तो अपने आप को हर समय उसी पोस्टर और पहनावा के साथ रहने का प्रयास करें।

## रामपुर वार्ड-3 में जर्जर नाली से सड़क पर बह रहा पानी, बीडीओ ने किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-3 में मुख्य सड़क पर जर्जर नाली से पानी बहने की समस्या को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने स्थल का निरीक्षण किया। यह नाली शशिकांत पासवान के घर के पास स्थित है, जहां लंबे समय से नाली की खराब स्थिति और उसमें जमा कूड़ा-करकट के कारण पानी सड़क पर फैल जाता है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वजह से राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। खासकर सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जबकि दोपहर में गर्मी के कारण कुछ हद तक पानी सूख जाता है। ग्रामीण शशिकांत पासवान, जय कुंडल पासवान, हरी मंगल पासवान समेत अन्य लोगों ने बताया कि समस्या कई महीनों से बनी हुई है और यह मुख्य सड़क होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बीडीओ ने स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि फिलहाल नाली की व्यापक सफाई बेहद जरूरी है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को तत्काल नाली की सफाई कराने के निर्देश देने की बात कही, ताकि लोगों को राहत मिल सके।निरीक्षण के दौरान बीडीसी मंजू कुमारी को भी समस्या के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। साथ ही आसपास पीएचईडी द्वारा लगाए गए टूटे हुए नल का भी निरीक्षण किया गया और संबंधित विभाग को इसकी सूचना देने की बात कही गई।

## गंगा सफाई मुहिम को राष्ट्रीय मंच पर मिली पहचान, चौसा के भरत पांडेय सम्मानित



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के चौसा क्षेत्र में गंगा स्वच्छता को लेकर लगातार सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भरत पांडेय के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। वाराणसी में आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें ह्लराष्ट्र प्रेरणा सम्मानह्व से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा वर्षों से गंगा सफाई, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के महामना सभागार में आयोजित ह्लखुशी की उड़ानह्व संस्था के छठे वार्षिक समारोह के दौरान दिया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे समाजसेवी, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में चौसा के भरत पांडेय का नाम घोषित होते ही उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था की संस्थापक सारिका दूबे तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण के सदस्य अम्बरीश सिंह उर्फ भोला सिंह उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से भरत पांडेय को सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों को आगे लाना समय की आवश्यकता है और भरत पांडेय जैसे लोग दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। भरत पांडेय पिछले करीब सात वर्षों से गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़े हुए हैं। वे गंगा युवा समिति के संयोजक के रूप में लगातार चौसा और आसपास के घाटों पर सफाई अभियान चलाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में समिति के सदस्य नियमित रूप से घाटों की सफाई करते हैं, लोगों को गंगा में कचरा नहीं फेंकने के लिए प्रेरित करते हैं और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का प्रयास करते हैं। उनकी पहल का असर यह हुआ है कि क्षेत्र के कई युवा अब स्वयं आगे आकर सफाई अभियान में भाग लेने लगे हैं। स्थानीय लोगों में भी गंगा के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ी है। समय-समय पर पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण जैसे कार्यक्रम भी समिति की ओर से आयोजित किए जाते रहे हैं।

सम्मान मिलने के बाद भरत पांडेय ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी साथियों का है जो वर्षों से गंगा सफाई अभियान में उनके साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मां गंगा की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और इस दिशा में उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा। चौसा सहित पूरे बक्सर जिले में भरत पांडेय को मिले इस सम्मान पर खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि उनके कार्यों से नई पीढ़ी को समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलेगी।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह के समापन पर बच्चों में जगी जागरूकता की अलख, गैस एजेंसियों में भी मॉकड्रिल

- सतर्कता और समय पर तैयारी से ही अग्निकांड पर पाया जा सकता है नियंत्रण : शिखा कुमारी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विभिन्न संस्थानों में विशेष आयोजन किए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन स्कूल डुमरांव में बच्चों एवं छात्राओं के बीच अग्नि सुरक्षा जागरूकता को लेकर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी देने के लिए मॉकड्रिल भी कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अग्नि सुरक्षा से जुड़े संदेशों को पोस्टर तथा निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 बच्चों को अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी डुमरांव शिखा कुमारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में अवि कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। अन्य सफल प्रतिभागियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने बच्चों को बताया कि आग लगने पर घबराने के बजाय तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए, बिजली के मुख्य स्विच को बंद करना चाहिए तथा तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना देनी चाहिए। बच्चों को प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने कहा कि अग्निकांड की घटनाएं अधिकतर लापरवाही के कारण होती हैं। यदि लोग पहले से सतर्क रहें और सुरक्षा मानकों का पालन करें तो बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। बच्चों में जागरूकता फैलाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि वे समाज में सुरक्षा संदेश पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में घरों, स्कूलों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। गैस सिलेंडर, बिजली वायरिंग और ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। इसी क्रम में डुमरांव क्षेत्रांतर्गत एचपी गैस एजेंसी नवानगर तथा इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी में भी मॉकड्रिल आयोजित किया गया। इस दौरान गैस एजेंसी संचालकों एवं कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, गैस रिसाव रोकने के उपाय तथा ग्राहकों की सुरक्षा से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमालय पदाधिकारी ने गैस एजेंसी मालिकों को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम में सुरक्षा उपकरणों को हमेशा चालू अवस्था में रखें, अग्निशमन यंत्रों की नियमित जांच कराएं तथा कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देते रहें।

## डुमरांव में बड़ा हादसा टला : बिजली पोल से टकराने के बाद कार में लगी आग, सभी सवार सुरक्षित



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई। राहत की बात यह रही कि कार में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना हरियाणा फार्म स्थित बीएमपी गेट के समीप की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हुंडई औरा कार तेज गति से जा रही थी। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। कुछ ही क्षणों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। अचानक आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए। कार में सवार लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत दरवाजे और खिड़कियां खोलकर बाहर निकलने में सफलता पाई। लोगों का कहना है कि यदि कुछ सेकेंड की भी देरी होती, तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। बाद में दमकल विभाग को सूचना दी गई। अग्निशमन पदाधिकारी शिखा कुमारी ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया, लेकिन दूरी अधिक होने के कारण टीम के पहुंचने तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। फिलहाल हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, हालांकि कार पूरी तरह नष्ट हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के जलभरी यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़



**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंजरी में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ से पूरा क्षेत्र में भक्ति माहौल में रम गया है। परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ के क्रम में सोमवार को पंजरी गांव में भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जलभरी यात्रा हाथी, घोड़ा,ऊंट एवं सुसज्जित रथ के साथ भव्य रूप में निकाली गई। जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पंजरी गांव से हुई, जहां से यह यात्रा बकरा होते हुए खनिता चौक पहुंची और वहां से आगे बढ़कर भलूनी धाम तक गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और आसपास के कई गांवों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। यात्रा के दौरान भक्ति गीत,जयघोष और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह जलभरी यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे यह आयोजन और भी भव्य एवं ऐतिहासिक बन गया। अवसर पर दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने भी जलभरी यात्रा में शामिल हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने कहा कि यह महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि समाज को एकजुट करने और सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने का माध्यम है। यह महायज्ञ 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित होगा, जबकि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 24 अप्रैल को विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया जाएगा।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सोलर मेला सह लोन मेला का आयोजन

- **ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन-सब्सिडी व ऋण सुविधा से उपभोक्ताओं को लाभ**



**केटी न्यूज/रोहतास**

आम नागरिकों को सस्ती, सुलभ एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सोलर अधिष्ठापन में तेजी लाने हेतु जिला पदाधिकारी, रोहतास के निर्देश के आलोक में सोमवार को डीआरडीए भवन, समाहरणालय परिसर, सासाराम में विद्युत विभाग एवं बैंकों के संयुक्त तत्वावधान में सोलर मेला सह लोन मेला का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्रणाली के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें योजना से जोड़ना था। मेले में विशेषज्ञों एवं तकनीकी टीम द्वारा सोलर पैनल की स्थापना, कार्यप्रणाली, रख-रखाव, लागत, अनुदान तथा इससे होने वाले आर्थिक लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही,उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मेले की विशेषता यह रही कि इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे वे तुरंत आवेदन कर योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया शुरू कर सके। विभिन्न अधिकृत वेंडर्स एवं एजेंसियों ने भाग लेकर उपभोक्ताओं को उपयुक्त सोलर समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित करने पर सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है। जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। यह योजना उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, सोलर संयंत्र स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में अब तक 305 उपभोक्ताओं के छत पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमे से 164 उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो चूका है। मेले में स्थानीय वेंडरों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित समयावधि में सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, करारनामा अवधि के अंतर्गत 7 वर्षों तक निःशुल्क मरम्मत एवं रख-रखाव की सुविधा भी प्रदान की जाएगी जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि इस योजना को जन जन तक पहुंचाई जाय तथा अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सोलर अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल में कमी लाती है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि इस ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों की अवधि में की जा सकती है। जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। उपभोक्ता अपनी बिजली खपत के अनुसार सोलर पैनल की क्षमता का चयन कर सकते हैं। 150 यूनिट तक की खपत के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता उपयुक्त है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजन की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। सोलर पैनल हेतु प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है तथा उचित रख-रखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक सुचारु रूप से कार्य करते हैं। विद्युत विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए एक अत्यंत लाभकारी एवं भविष्य उन्मुख पहल है। इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा।

# वेतन राशि भुगतान को लेकर आशा कार्यकताओं में रोष



**केटी न्यूज/रोहतास**

अगिआव प्रखंड क्षेत्र के आशा और आशा फैसिलिटेटर ने एक दिवसीय हड़ताल प्रदर्शन किया। आशा ने बताया 9 माह से एक नहीं पैसा नहीं आया और विगत वर्ष 2024 के मार्च महीने का पैसा अभी बाकी है और अगस्त 25 से अप्रैल 26 तक बकाया है। सरकार नई योजनाओं को बनाने में लगी है लेकिन उन योजनाओं को आशा ही धरातल पर उतरती है। जो एक साल से ज्यादा का गर्भवती महिलाओं का प्रसव होने के तहत लाभार्थी को मिलता है। जो बंध्याकरण पर जो राशि या कन्या उत्थान पर दो साल के लाभार्थी बालिकाओं को 2000 मिलता है। कोई भी पैसा नहीं मिल रहा पूर्व में पूरे भोजपुर जिला के सभी प्रखंडों की आशा और आशा फैसिलिटेटर के द्वारा 9 फरवरी को डीएम सीएस कार्यालय में आवेदन दिया गया था। जो होली से पहले राशि भुगतान करवाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अबतक राशि भुगतान नही हो सका है। जिसे लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन और तेज होगी।

### बिहार विधान परिषद उपचुनाव के लिए चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**आरा।** भोजपुर-बक्सर बिहार स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत सोमवार को सभी तीन अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों में राजद के सोनू राय, जदयू के कन्हैया प्रसाद एवं निर्दलीय निरंजन कुमार राय शामिल थे। उल्लेखनीय है कि अबतक कुल 04 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया जा चुका है। नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है एवं नामांकन को लेकर निषेधज्ञा लागू की गई है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**पीरो।** पीरो रेलवे स्टेशन पर सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने के कारण ज्योति देवी नामक एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। मृतका ज्योति देवी रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र के महिसाबाद निवासी भीम कुमार की पत्नी बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को ज्योति देवी सासाराम पटना सवारी गाड़ी पर सवार होकर पटना की ओर जा रही थी। इसी क्रम में उक्त महिला पीरो स्टेशन पर पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी थी।

# गोड़ारी पैक्स चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण संपन्न



**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी पैक्स चुनाव सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। निर्धारित समयानुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 4:30 बजे तक चला। चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और पूरे दिन मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही । मतदान के लिए रामरूप प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय गोड़ारी को केंद्र बनाया गया था,जहां कुल चार बूथ स्थापित किए गए थे। मतदान की प्रक्रिया बैलेट पेपर के माध्यम से कराई गई । इस चुनाव में कुल 2711 मतदाता थे। जिनमें पुरुष और महिला दोनों शामिल थे। सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला । लोग समय पर मतदान केंद्र पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे। चुनाव के दौरान वरीय अधिकारियों की सक्रियता भी लगातार बनी रही।वहीं निवार्ची पदाधिकारी सह काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह, पुलिस अधिकारी समेत अन्य अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मुस्तैद दिखे।निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी पैक्स चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उन्होंने जानकारी दी कि इस चुनाव में लगभग 57 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्त होने के कुछ ही देर बाद प्रखंड कार्यालय के सामुदायिक भवन गोड़ारी परिसर में मतगणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन की ओर से मतगणना को लेकर भी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देर रात तक चुनाव परिणाम घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी अनुज कुमार, थानाध्यक्ष विवेक कुमार, एसआई मिथलेश कुमार, मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार, प्रभारी सीओ ध्रुव कुमार, एलईओ देवाशीष सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी व सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एक्सीटेंड में मौत के बाद बाइक जब्त करने पर हुआ विवाद अपराधियों ने सरपंच पति समेत 2 को मारी गोली, हालत गंभीर

**आरा।** भोजपुर में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों सरपंच पति समेत दो लोगों को गोली मार दी। सरपंच पति को बाएं साइड पंजरी में, जबकि युवक को हाथ में बुलेट लगी है। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन हवाई फायर करते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पीरो एसडीपीओ के.के सिंह मौके पर पहुंचे। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायल में बबन शर्मा के पुत्र मनोज शर्मा(46) और लंगड़ पासवान के पुत्र गोरख पासवान(40) शामिल है। मनोज शर्मा की पत्नी दुर्गावती देवी नगरी पंचायत की सरपंच हैं। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव की है। घायल मनोज ने बताया कि मेरी मौसी लखमुना देवी घर से कुछ दूरी पर रविवार देर शाम टहल रही थी। इस दौरान बाइक सवार युवकों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इलाज के दौरान के दौरान मौसी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक को जब्त कर मेरे फर्नीचर की दुकान पर खड़ा कर दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। अंतिम संस्कार के लिए हमलोग लकड़ी लाने गए थे। इस बीच तीन की संख्या में हथियारबंद अपराधी आ धमके। बाइक को जबरन ले जाने लगे। विरोध करने पर अंधाधुंध फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोरख ने अपराधियों से पिस्टल छीन लिया। छीना-झपटी में दूसरे अपराधियों ने गोली मार दी। एक गोली मुझे लग गई। गोली लगने के बाद भी गोरख हाथ में पिस्टल पकड़ा रहा। वहीं, एसडीपीओ के.के सिंह ने बताया कि बाइक के विवाद में फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। बरामद बाइक के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।

### आग से झुलसी महिला की मौत, पति की हालत गंभीर

**आरा।** भोजपुर में आग से झुलसी महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान रविवार को पटना के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान नहसी गांव निवासी माया देवी(45) के तौर पर हुई है। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र की है। बेटी संध्या कुमारी ने पूर्व के विवाद में गांव के ही उपेंद्र राम, सुपेंद्र राम सहित तीन लोगों पर घर में पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का आरोप लगाया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पति बसंत राम अगिआंव सीट से प्रत्याशी थे। वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल से चुनाव लड़ा था। जिसकी वजह से माले के उम्मीदवार को नुकसान हुआ था। मृतका की बेटी संध्या कुमारी ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व आरोपी पक्ष के लोगों से झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इस विवाद को लेकर कुछ दिन पहले दोनों बहन का अपहरण करने का प्रयास भी किया गया था। 8 अप्रैल को कोर्ट में तारीख थी। पिता, बहन और भाई भी आरा कोर्ट आए थे। उस समय आरोपी पक्ष ने धमकी देते हुए कहा था कि तुम केस लड़ रहे हैं, तुमलोगों को जिंदा जलाकर मार देंगे। 11 अप्रैल की रात माता-पिता कमरे में सोए थे, लाइट बंद थी। तभी खिड़की तरफ से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी गई थी। इस दौरान दोनों बुरी तरह झुलस गए। जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। मां की गंभीर हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। पिता का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए शव सौंप दिया है। बयान के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतका को दो पुत्र गुलशन कुमार, किशन कुमार, दो पुत्री संध्या कुमारी, खुशबू कुमारी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आरा में प्रॉपर्टी विवाद में बड़े भाई पर हमला

**आरा।** आरा में छोटे भाई ने बड़े भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कान के ऊपर चाकू से मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर बनी हुई है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के पारवगंज मोहल्ले की है। घायल की पहचान लखी शर्मा के पुत्र शशि भूषण शर्मा(35) के तौर पर हुई। पेशे से वेल्डिंग मिस्त्री है। पीड़ित ने बताया कि परिवार में लंबे समय से संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। छोटा भाई अक्सर पत्नी और बच्चों के साथ घर छोड़कर जाने की धमकी देता था। पुत्र शशि भूषण शर्मा ने आगे बताया कि रविवार को अपने बच्चों के लिए जूस लेने बाहर गया था। वापस लौटने पर फिर से घर छोड़ने को लेकर दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। छोटे भाई ने गुस्से में आकर चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। जिसके बाद इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### आरा में ट्रक और पिकअप की टक्कर हादसे में युवक की मौत

**आरा।** आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर ट्रक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुढ़नी गांव वार्ड-2 निवासी गुप्तेश्वर चौधरी के पुत्र मोनू चौधरी के रूप में हुई है। हादसे में छोटा भाई चुन्नू चौधरी(20) और दीपू पासवान(17) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास की है। पिता गुप्तेश्वर चौधरी ने बताया कि सब्जी और फल के कारोबार से जुड़े हैं और उनका अपना पिकअप वाहन है। रविवार की रात मोनू अपने भाई और दोस्त के साथ आरा बाजार समिति से फल लाने जा रहा था।

# दो दिवसीय एईडीओ के तीसरे चरण की परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण संपन्न




**केटी न्यूज/आरा**

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) की तीसरे चरण की परीक्षा सोमवार से हुई शुरू यह परीक्षा दो दिनों तक ली जाएगी। पहले दिन परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद रही, जिससे कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। पहली पाली में जनरल लैंग्वेज से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिसमें अभ्यर्थियों के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों विषयों में पासिंग मार्क्स लाना अनिवार्य था। कुल 100 अंकों की इस पाली में 70 अंक हिंदी और 30 अंक अंग्रेजी के प्रश्न शामिल थे। वहीं, दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन पेपर की परीक्षा ली गई।परीक्षा में पहली पाली का प्रश्न थोड़ा आसान रहा।अभ्यर्थियों ने राहत से परीक्षा दी।जबकि दूसरी पाली के पेपर ने अभ्यर्थियों को परेशान किया। सामान्य अध्ययन में कई सवाल कठिन रहे।परीक्षा से बाहर निकलने के बाद कई अभ्यर्थियों ने बताया कि पहली पाली का पेपर अपेक्षाकृत आसान रहा। भाषा आधारित प्रश्नों ने उन्हें राहत दी और अधिकांश परीक्षार्थियों को उम्मीद है कि वे न्यूनतम पासिंग मार्क्स आसानी से हासिल कर लेंगे। बताया कि पहली शिफ्ट के प्रश्न सरल थे और पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देना सहज रहा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार के प्रश्न आए थे, उससे उम्मीद है कि वे इस पाली में सफल हो जाएंगे। वहीं दूसरी पाली में प्रश्नों को हल करने में कठिनाई हुई। सामान्य अध्ययन के सवालों ने काफी समय लिया। दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन के प्रश्न का स्तर अपेक्षाकृत कठिन रहा, जिससे कई परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नों का स्तर बीपीएससी की प्रशासनिक सेवा परीक्षा के समान था, जिससे उन्हें अधिक सोचने और समय देने की आवश्यकता पड़ी। एक अभ्यर्थी ने बताया कि दूसरी पाली में कुछ सवाल आसान भी थे। लेकिन अधिकांश प्रश्न काफी कठिन थे। बताया कि कुछ प्रश्न ऐसे थे। जिनका उत्तर देने में काफी समय लगा और अब घर जाकर मिलान करने के बाद ही सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताया कि भूगोल में विश्व भौगौलिक और इतिहास में मॉडर्न और प्राचीन इतिहास के सवाल काफी कठिन थे।बिहार भूगोल से भी सवाल पूछे गए थे।

# सरपंच कार्यालय में मृतक के आश्रित रेखा देवी को सौंपा गया चेक



**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के इटढिया गांव में पानी में डूबने से मृत किशोर गोप उर्फ रामेश्वर यादव के परिवार को प्रशासन ने चार लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की है। नवंबर 2024 में उनकी असमय मृत्यु हो गई थी। प्रभारी अंचल अधिकारी आरओ सह ध्रुव कुमार ने इटढिया गांव स्थित सरपंच कार्यालय में मृतक की आश्रित रेखा देवी को चेक सौंपा। यह मुआवजा वाद संख्या 2/25-26 के तहत दिया गया है। ध्रुव कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के अनुसार आकस्मिक मृत्यु के मामलों में आश्रितों को तत्काल सहायता सुनिश्चित की जाती है। इस चेक वितरण समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की। जबकि रेखा देवी ने कहा पति की मृत्यु से परिवार विपर्यस्त हो गया था। यह राशि बच्चों के भविष्य के लिए सहारा बनेगी। काराकाट क्षेत्र में हाल के वर्षों में जल दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। ध्रुव कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन ऐसी घटनाओं में प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता सुनिश्चित कर रहा है और ऐसी योजनाओं को गति दे रहा है ताकि पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके।

# बिहार के पांच प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए मास्टरप्लान तैयार, गया-बोधगया और राजगीर-नालंदा बनेंगे ट्वीन सिटी




**एजेंसी। पटना**

बिहार के प्रमुख पर्यटन शहरों के लिए मास्टरप्लान तैयार किया गया है. गया-बोधगया और राजगीर-नालंदा को ट्वीन सिटी के रूप में विकसित करने की योजना है. इससे इको-टूरिज्म और स्थानीय कला को बढ़ावा मिलेगा। बिहार सरकार राज्य के पांच प्रमुख पर्यटन शहरों गया, बोधगया, राजगीर, नालंदा और वैशाली के लिए व्यापक टूरिस्ट मास्टरप्लान तैयार करने जा रही है। इस योजना के तहत गया-बोधगया और राजगीर-नालंदा को ट्वीन सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, जबकि वैशाली के लिए अलग कार्ययोजना बनाई जाएगी। मास्टरप्लान में इको-टूरिज्म को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही स्थानीय हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम को भी बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यटन विभाग का उद्देश्य है कि राज्य में आने वाले पर्यटक अधिक समय तक ठहरें। फिलहाल राजगीर और बोधगया जैसे प्रमुख केंद्रों पर देशी-विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं, लेकिन ठहरने की अवधि कम होती है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ने की विस्तृत योजना बनाई जा रही है, ताकि एक स्थान से दूसरे स्थान तक पर्यटकों के लिए आकर्षण बना रहे। इस योजना के अंतर्गत पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और आसपास नए आकर्षण विकसित किए जाएंगे। साथ ही, पर्यटकों की सुविधा के लिए बजट होटल और प्रमुख मार्गों पर बेहतर ढाबा व रेस्टोरेंट को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल करने की तैयारी है। इसी कड़ी में दक्षिण एशियाई देशों के 22 इंफ्लूएंसर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चार दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचा है। इस दल में भूटान, कोलंबिया, जापान, मलेशिया, मंगोलिया, म्यानमार, नेपाल सिंगापुर समेंत कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह दल राजगीर, नालंदा और बोधगया का भ्रमण करेगा और इसके बाद देश के अन्य राज्यों का भी दौरा करेगा।

# बिहार सरकार का बड़ा फैसला : सरकारी कर्मचारियों के लिए बदले आदेश, परीक्षाओं पर लगी पाबंदी खत्म



**एजेंसी। पटना**

बिहार के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाएं देने पर लगाई गई पूर्व की कड़ी पाबंदियों को वापस ले लिया है। अब कर्मचारी सेवा में रहते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले सकेंगे। नई सरकार ने बिहार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 7 अप्रैल 2026 को जारी किए गए उस आदेश को वापस ले लिया है, जिसमें बार-बार परीक्षा देने पर रोक लगाई गई थी। अब सरकारी कर्मियों को अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने की अनुमति फिर से मिल गई है। इससे पहले, बिहार सरकार ने 7 अप्रैल 2026 को एक विवादास्पद आदेश जारी कर कहा था कि कर्मचारी पूरी सेवा अवधि में केवल एक बार ही प्रतियोगी परीक्षा दे सकते हैं, और बार-बार परीक्षा देने के लिए नौकरी छोड़नी होगी। बिहार सरकार ने पहले आदेश के अनुसार छूट के लिए एक एक शर्त रखी थी। आदेश के अनुसार कर्मचारी केवल उसी स्थिति में परीक्षा दे सकते हैं, जब नई भर्ती का पे लेवल उनके वर्तमान पद से अधिक हो। ऐसे में भी उन्हें सिर्फ एक बार ही मौका मिलेगा। बिहार सरकार का मानना था कि पहले बिहार में सरकारी कर्मचारी कई प्रतियोगी परीक्षा दे सकते थे, लेकिन 2022 में नियम बदला और फिर सरकार ने आदेश दिया कि सरकारी कर्मचारी अधिकतम पांच बार अलग-अलग परीक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। विभाग का यह भी कहना था कि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए कर्मचारियों को पहले विभाग से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होता था। इस वजह से विभाग को काफी परेशानी होती थी।

## क्या था विवादित आदेश?

6 अप्रैल को जारी आदेश में कहा गया था कि कोई भी सरकारी कर्मचारी अपने सेवाकाल के दौरान केवल एक बार ही किसी विभागीय या प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो सकता है. इसके बाद उसे किसी अन्य परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी. इतना ही नहीं, आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित कर्मचारी को नौकरी छोड़नी पड़ सकती है. इस सख्त निर्देश के कारण कर्मचारियों में डर और नाराजगी बढ़ गई थी।

## कर्मचारियों में था भारी असंतोष

इस आदेश के लागू होते ही राज्यभर के सरकारी कर्मचारियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था. उनका कहना था कि यह फैसला उनके करियर ग्रोथ को रोकने वाला है और इससे उनकी आगे बढ़ने की संभावनाएं खत्म हो जाएंगी।

## सम्राट चौधरी के हस्तक्षेप से मिली राहत

सूत्रों के अनुसार, सम्राट चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लिया. उन्होंने कर्मचारियों के भविष्य और करियर को ध्यान में रखते हुए इस आदेश को निरस्त करने का निर्देश दिया. उनके हस्तक्षेप के बाद यह फैसला वापस ले लिया गया।

## अब फिर खुला अवसर का रास्ता

सरकार के इस नए फैसले के बाद अब सरकारी कर्मचारी नौकरी में रहते हुए भी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे. इससे उन्हें अपने कौशल को बढ़ाने और बेहतर पदों तक पहुंचने का मौका मिलेगा।

# फरार आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, तीन पुलिसकर्मी घायल, पांच गिरफ्तार



**एजेंसी। पटना**

बिहार के जमुई जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक फरार आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो सब-इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना जमुई के टाउन थाना क्षेत्र के खैरमा यादव टोला की है। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार आरोपी ढेबू यादव अपने घर पर मौजूद है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम सादे कपड़ों में छापेमारी करने पहुंची। जैसे ही पुलिस टीम वहां पहुंची, आरोपी ढेबू यादव ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर पुलिस पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस अचानक हुए हमले में दो सब-इंस्पेक्टर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों की पहचान टाउन थाना में तैनात सुनील कुमार (50), रणवीर कुमार (25) और विक्रम कुमार के रूप में हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इस झड़प में मुख्य आरोपी ढेबू यादव (45) भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ढेबू यादव पर मारपीट, हत्या और रेलवे लूट जैसे करीब एक दर्जन गंभीर मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। एसडीपीओ सतीश सुमन के मुताबिक, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को काबू में किया और मुख्य आरोपी ढेबू

## इलाके में तनाव, पुलिस का लाठीचार्ज

घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आसपास के तीन से चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज भी किया गया, जिसमें कुछ स्थानीय लोगों को मामूली चोटें आईं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# ऑपरेशन मुस्कान' ने 106 चेहरों पर बिखेरी खुशी, 34 लाख का मोबाइल बरामद



**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के जरिए एक बार फिर आम जनता के बीच विश्वास का नया अध्याय लिखा है। सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान, पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों से चोरी और गुम हुए 106 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। खोए हुए कीमती फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे, जिससे इस अभियान का नाम 'मुस्कान' सार्थक होता नजर आया। एसएसपी कार्यालय द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, बरामद किए गए इन 106 मोबाइल हैंडसेट्स की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 34 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई ने उन अपराधियों और शातिरों की कमर तोड़ दी है जो मोबाइल चोरी और उनकी अवैध खरीद-बिक्री में शामिल रहते हैं। बरामद किए गए फोनों में कई महंगे स्मार्टफोन्स भी शामिल हैं। इस बड़ी सफलता के पीछे पुलिस की एक विशेष टीम का हाथ है। तकनीकी रूप से इन फोनों को ट्रैक करने और उनकी रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए 02 फरवरी 2026 को 'सांख्यिकी उपकरण बरामदगी इकाई' (सा०उ०ब०ई०) का गठन किया गया था। इस यूनिट ने अत्याधुनिक सर्विलांस और डेटा एनालिसिस का उपयोग कर कम समय में सैकड़ों फोनों का पता लगाया है। मुजफ्फरपुर पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 'ऑपरेशन मुस्कान' का यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है। इस साल यानी 2026 में अब तक पुलिस की विभिन्न टीमों ने कुल 337 गुमशुदा और चोरी के मोबाइल फोन रिकवर कर उनके मालिकों तक पहुंचाए हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी प्राथमिकता आम जनता की खोई हुई संपत्ति को सुरक्षित वापस दिलाना है ताकि लोगों में कानून के प्रति भरोसा बढ़े। वरीय पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल या लैपटॉप चोरी होने पर घबराएं नहीं और न ही बिचौलियों के चक्कर में पड़ें। पुलिस ने इसके लिए एक सरल और पारदर्शी व्यवस्था बनाई है. पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक क्यूआर (दफ) कोड को स्कैन कर सीधे शिकायत दर्ज की जा सकती है। लोग घर बैठे ऑनलाइन गुगल फॉर्म के जरिए अपने डिवाइस की जानकारी भर सकते हैं। तत्काल सहायता के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष के व्हाट्सएप नंबर 9431896700 पर मैसेज कर अपनी जानकारी साझा कर सकते हैं।

## एक नजर

### पटना के गंगा घाटों पर दर्दनाक हादसा: नदी में चार लोग डूबे, दो शव बरामद, दो अब भी लापता

**पटना।** पटना और आसपास के गंगा घाटों पर रविवार शाम कई दर्दनाक हादसे हुए, जिनमें चार लोग गंगा नदी में डूब गए। इनमें एक युवक और तीन किशोर शामिल हैं। अब तक दो शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो की तलाश एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर कर रहे हैं। राहत कार्य में देरी को लेकर दीघा घाट पर लोगों ने हंगामा भी किया। पहली घटना दीघा थाना क्षेत्र के पाटीपुल घाट की है, जहां सुल्तानपुर कुशवाहा पंचायत (दानापुर) निवासी राजू चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र कृष्णा उर्फ किसू कुमार अपने दोस्त को बचाने के प्रयास में गंगा में डूब गया। उसका शव बरामद कर लिया गया है, जबकि उसका किशोर दोस्त अभी लापता है। दूसरी घटना जेपी सेतु घाट की है, जहां जक्कनपुर के पुरंदरपुर निवासी पंकज कुमार का 15 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार उर्फ प्रिंस नहाने के दौरान गंगा में डूब गया। उसका शव भी बरामद कर लिया गया है। तीसरी घटना मीनार घाट (जनार्दन घाट) पर हुई, जहां एसकेपुरी थाना क्षेत्र के न्यू पुनाईचक निवासी रंजीत गिरि का 13 वर्षीय पुत्र करण कुमार परिवार के साथ स्नान के दौरान डूब गया। उसकी तलाश जारी है। 5इसी बीच, मोकाम के अथमलगोला थाना क्षेत्र के रूपस कमरापर गांव में भी एक हादसा हुआ। यहां 14 वर्षीय सौरभ कुमार गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में चला गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

### दो साल बाद खुला राज! लापता युवक की हत्या का पदार्फाश, नाले से मिला नरकंकाल

**गोपालगंज।** गोपालगंज से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है, जहां दो साल पहले लापता हुए युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा सिरिसिया गांव से गायब हुए 22 वर्षीय युवक चंदन कुमार की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर एक नाले से युवक का नरकंकाल बरामद किया गया है। इस खुलासे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और परिवार में मातम का माहौल है। बताया जा रहा है कि मृतक चंदन कुमार 28 फरवरी 2024 की शाम करीब 6 बजे अपने तीन दोस्तों के साथ एक तिलक समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद मिला। इसके बाद परिजनों ने उसके साथ गए दोस्तों से जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परिवार ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। धीरे-धीरे मामला ठंडा पड़ता गया, लेकिन परिवार को अपने बेटे के लौटने की उम्मीद बनी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार जांच में जुटी रही। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया और हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे और मृतक चंदन कुमार कूड़ा बीनने का काम करते थे। इसी दौरान इलाके में काम करने को लेकर विवाद हो गया था, जो धीरे-धीरे दुश्मनी में बदल गया। इसी रंजिश में आरोपियों ने गमछे से गला दबाकर चंदन कुमार की हत्या कर दी और शव को नाले में फेंक दिया था, ताकि किसी को घटना की जानकारी न मिल सके। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने नाले से नरकंकाल बरामद किया, जिसकी पहचान चंदन कुमार के रूप में की गई। दो साल बाद बेटे का सच सामने आने के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### मुंगेर में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़: एसटीएफ पुलिस की छापेमारी में धंधेबाज गिरफ्तार



**पटना।** अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ मुंगेर पुलिस और एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में दियारा क्षेत्र में संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। मौके से निर्मित और अर्धनिर्मित हथियारों के साथ भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए हैं। इस दौरान एक हथियार निमार्ता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, मुंगेर जिला लंबे समय से अवैध हथियार निर्माण और तस्करी के लिए बदनाम रहा है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस कार्रवाई के बावजूद हथियार बनाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामले में मुंगेर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तौफीर हीरा राही बहियार में छापेमारी की। बहियार और झाड़ियों की आड़ में चल रही मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके पर हथियार बनाते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी भागने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से एक बेस मशीन, एक देशी पिस्टल, दो अर्धनिर्मित पिस्टल, कई निर्मित और अर्धनिर्मित मैगजीन समेत हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि मुंगेर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है और इसमें सफलता भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि अवैध हथियार निर्माण को पूरी तरह बंद करने के लिए पुलिस हर संभव कदम उठा रही है। चाहे हथियार निर्माण गांव में हो, पहाड़ पर या दियारा क्षेत्र में–पुलिस की पहुंच हर जगह है।

# मौसम विभाग का येलो अलर्ट : बिहार में भीषण गर्मी का कहर, अगले तीन दिन झुलसाएगी तपिश, 23 अप्रैल से कुछ इलाकों में राहत के आसार



बिहार में अगले तीन दिनों तक भीषण गर्मी लोगों को परेशान करेगी। ज्यादातर शहरों का अधिकतम तापमान 36 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आज मौसम के तेवर काफी तल्ख रहेंगे और लोगों को तेज धूप से बचने तथा पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है। रविवार को राज्य के 10 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इनमें डेहरी (43.0°C), भभुआ (42.9°C), गया (42.8°C), बक्सर (42.7°C), डुमरांव (41.9°C), औरंगाबाद (41.8°C), राजगीर (41.5°C), अरवल (41.1°C), शेखपुरा (41.0°C) और जहानाबाद (40.2°C) शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण बिहार के अधिकांश शहरों में अगले 2झ3 दिनों तक तापमान इसी दायरे में बना रहेगा। हालांकि, 23 अप्रैल से उत्तर बिहार के कई जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया के कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है। इससे वहां के लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जबकि दक्षिण बिहार अभी भी लू की चपेट में रहेगा। पटना में अधिकतम तापमान 39.3°C और न्यूनतम 25.6°C दर्ज किया गया। राजधानीवासियों को अगले एक सप्ताह तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। वहीं, 24 अप्रैल से दक्षिण-पूर्व बिहार के पांच जिलों में बारिश के संकेत हैं। पूसा स्थित ग्रामीण मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, हवा की दिशा में बदलाव के कारण मौसम की यह स्थिति बनी हुई है। पछुआ हवाओं के प्रभाव से तापमान में तेजी से वृद्धि हो सकती है और इस सप्ताह तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. ए. सत्तार के मुताबिक, दिन के तापमान में करीब 6 डिग्री तक और न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।वहीं, पिछले 24 घंटों में हवा का रुख पछुआ से बदलकर पुरवा हो गया, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 1.5°C और न्यूनतम 1.3त्ड कम हुआ। इस दौरान अधिकतम तापमान 34.5°C और न्यूनतम 21.7°C रिकॉर्ड किया गया। करीब 4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली पुरवा हवा के कारण सुबह के समय नमी का स्तर 90 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया, जिससे गर्मी की तीव्रता कुछ कम महसूस हुई।

# दिल्ली से बिहार जा रही यात्री बस एनएच पर पलटी हादसे में दर्जनों लोग घायल, कई की हालत गंभीर



**एजेंसी। पटना**

गोपालगंज के सिधवलिया थाना क्षेत्र में बरहिमा टोल प्लाजा के पास एनएच-27 पर सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से छपरा जा रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे में बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद जेसीबी की मदद से बस को सड़क किनारे गड्ढे से बाहर निकालने का प्रयास किया गया। घायलों में सारण जिले के पानापुर निवासी चंद्र प्रकाश, उनकी पत्नी प्रीति कुमारी और उनके छोटे बच्चे दिव्यांश कुमार व शिवांश कुमार शामिल हैं। इसके अलावा वैशाली जिले के जलालपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार सहित करीब दो दर्जन यात्री इस दुर्घटना में जख्मी हुए हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सदर अस्पताल में एक साथ बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने से अफरातफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों की टीम ने तत्काल इलाज शुरू कर दिया है, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की तैयारी की जा रही है। प्राथमिक जांच में बस चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है।